

## अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक की कलम से ...

1 फ़रवरी, 2025

**प्रिय साथियो,**

एनएचपीसी ने देश की जलविद्युत क्षमता का दोहन करने में उल्लेखनीय प्रगति की है और विद्युत क्षेत्र में एक अग्रणी संगठन के रूप में अपनी स्थिति को सुदृढ़ किया है। चूंकि ऊर्जा परिदृश्य निरंतर विस्तारित हो रहा है, इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि हम अपनी कार्य क्षेत्र की सीमाओं का विस्तार करते हुए नए व्यावसायिक अवसरों विशेष रूप से नवीकरणीय ऊर्जा के अन्य रूपों की खोज करें । आइए हम अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहें, दृढ़ संकल्प के साथ कार्य करते हुए इस गतिशील क्षेत्र में अग्रणी स्थान बनाए रखने के लिए अपना सर्वोत्तम प्रयास करें।
इस माह, हमने अपनी निर्माण परियोजनाओं में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त की हैं। सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना में, स्पिलवे रेडियल गेट एस-6 और एस-4 का निर्माण क्रमशः दिनांक 9 और 29 जनवरी 2025 को पूरा हो गया, जिससे सभी 9 रेडियल गेटों का संरचनात्मक निर्माण पूरा हो गया है। रंगीत-IV जलविद्युत परियोजना में, यूनिट #1 को 25 जनवरी 2025 को सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, पार्बती-II में एचआरटी-टीबीएम कार्य इसके एडिटों को बंद करने के साथ पूरा हो गया है ।

अरुणाचल प्रदेश के माननीय उपमुख्यमंत्री श्री चौना मीन ने दिनांक 11 जनवरी 2025 को दिबांग बहुउद्देश्यीय परियोजना की प्रगति की समीक्षा करने के लिए दौरा किया। उनके दौरे के दौरान, मुझे चल रही निर्माण गतिविधियों और परियोजना के विकास के बारे में उन्हें जानकारी देने का अवसर मिला ।

मैंने 15 जनवरी 2025 को नई दिल्ली में नेपाल के साथ अपने व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने के लिए, भारत में नेपाल के राजदूत महामहिम डॉ. शंकर प्रसाद शर्मा से मुलाकात की। मैंने उन्हें नेपाल में एनएचपीसी की परियोजनाओं की स्थिति पर व्यापक जानकारी दी।

डॉ. संजय जायसवाल, माननीय संसद सदस्य एवं अध्यक्ष संसदीय अनुमान समिति ने दिनांक 30 जनवरी 2025 को एनएचपीसी निगम मुख्यालय का दौरा किया। इस दौरे के दौरान, मैंने उन्हें एनएचपीसी की विभिन्न पहलों के बारे में अवगत कराया , जिसमें एनएचपीसी की ग्रीन हाइड्रोजन ई-मोबिलिटी पायलट परियोजना और बिहार में हमारी प्रस्तावित सौर ऊर्जा परियोजनाओं पर चर्चा शामिल थी।

उसी दिन, मैंने अरुणाचल प्रदेश के सियांग बेसिन में स्थित दोनों परियोजनाएं नामत: सियांग अपर बहुउद्देशीय परियोजना और सियांग लोअर जलविद्युत परियोजना पर चर्चा करने के लिए अरुणाचल

प्रदेश सरकार के पूर्व माननीय मंत्रियों श्री पादी रिचो और श्री तपाङ्ग तालो से भी मुलाकात की। हमने इन क्षेत्रों में विकासात्मक कार्यों की संभावनाओं पर भी चर्चा की।

इससे पहले, 8 जनवरी 2025 को, मैंने कोच्चि में ऊर्जा संबंधी संसदीय स्थायी समिति की बैठक में भाग लिया, जिसमें दो महत्वपूर्ण विषयों "भारत में ऊर्जा सुरक्षा" ढांचे के अंतर्गत सस्ती ऊर्जा की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करना और "एनर्जी ट्रांजिशन" में ऊर्जा क्षेत्र में डोमिनेंट क्लाईमेट नैरेटिव के प्रभाव पर चर्चा की गयी।

दिनांक 7 जनवरी 2025 को, हमारे निदेशक (परियोजनाएं और तकनीकी) ने श्रीनगर में उद्योग संबंधी संसदीय स्थायी समिति की बैठक में भाग लिया, जिसमें “सार्वजनिक प्रापण नीति के अंतर्गत सीपीएसई द्वारा एमएसई से 25% निर्धारित प्रापण के कार्यान्वयन और उनके भुगतान जारी करने की समीक्षा” पर चर्चा की गयी।

जलविद्युत क्षेत्र में हमारे महत्वपूर्ण योगदान को मान्यता देते हुए, एनएचपीसी को कर्नाटक के बेलगावी में आयोजित 25वें रेगुलेटर्स एंड पॉलिसी मेकर्स रिट्रीट (आरपीआर 2025) में 'हाइड्रोपावर जेनरेटर' श्रेणी में "उत्कृष्ट उपलब्धि" पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

28 जनवरी 2025 को हमारे निदेशक (वित्त) ने भुवनेश्वर में "उत्कर्ष ओडिशा, मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव 2025" में एनएचपीसी स्टाल का उद्घाटन किया। इस स्टाल में एनएचपीसी की उपलब्धियों और ऊर्जा क्षेत्र में दिए गए हमारे योगदान को प्रदर्शित किया गया।

जनवरी 2025 तक, एनएचपीसी की कुल संचयी विद्युत उत्पादन 18212 मिलियन यूनिट (एमयू) तथा मासिक राजस्व 549.27 करोड़ रुपए रहा है।

**जनवरी माह की अन्य उल्लेखनीय उपलब्धियां इस प्रकार हैं:**

- एनएचपीसी के सभी कार्य स्थलों में भारत का 76वां गणतंत्र दिवस देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इसके अतिरिक्त, हमने 23 जनवरी 2025 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती भी मनाई ।
- 18 जनवरी 2025 को, तीस्ता-V पावर स्टेशन ने हमारे सीएसआर पहल के अंतर्गत, सेंट्रल पंडम गादी फोर्ट हेरिटेज साइट , जिला पाकयोंग (सिक्किम) में शौचालय और स्नानघर के निर्माण के लिए, पाकयोंग, सिक्किम के जिला प्रशासन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- साम्फिया फाउंडेशन के सहयोग से, चमेरा-II पावर स्टेशन ने 22 जनवरी 2025 को एक निःशुल्क मोबाइल थेरेपी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । यह वैन सीएसआर के तहत दिव्यांग बच्चों को उनके घर पर निःशुल्क चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेगी।
- हमारे कार्यपालक निदेशक (एसबीडी एंड सी) ने दिनांक 28 जनवरी 2025 को छत्तीसगढ़ में पंप स्टोरेज परियोजनाओं (पीएसपी) के विकास पर चर्चा करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार के जल संसाधन विभाग के सचिव से मुलाकात की।
- दिनांक 17-18 जनवरी 2025 को भुवनेश्वर में आयोजित 14वें अंतर-सीपीएसयू एथलेटिक्स टूर्नामेंट में एनएचपीसी की पुरुष और महिला एथलेटिक्स टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2

स्वर्ण, 6 रजत और 4 कांस्य पदक जीते। पुरुषों की टीम ने समग्र पुरुष स्पर्धाओं में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

- एनएचपीसी के पूर्व स्पोर्ट स्कॉलर श्री नवदीप सिंह को खेलों में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।
- एनएचपीसी के स्पोर्ट स्कॉलर रिद्धिमा कपूर ने जूनियर और यूथ नेशनल टीटी चैंपियनशिप, वडोदरा में कांस्य पदक तथा देवांश जग्गा ने रांची में आयोजित 68वें राष्ट्रीय स्कूल गेम्स 2024-25 में डिस्कस थ्रो प्रतिस्पर्धा (अंडर-19) में कांस्य पदक जीते।
- दिनांक 30 जनवरी 2025 को एनएचपीसी ने राजभाषा को बढ़ावा देने के लिए निगम मुख्यालय में हिंदी कवि सम्मेलन का आयोजन किया।

महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर मैं आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ। यह शुभ अवसर आपके जीवन में शांति, समृद्धि और सफलता लेकर आए।

आपका,

**(आर.के. चौधरी)**
**अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक**